CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

◻ वर्ष- 28 ◻ अंक- 133 ◻ रायपुर, शनिवार 7 जून 2025 ◻ पृष्ठ-8 ◻ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## नेशनल पार्क इलाके में 2 और नक्सली ढेर



### ऑटोमेटिक हथियार भी बरामद

**बीजापुर,** 7 जून (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के नेशनल पार्क इलाके में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ लगातार तीसरे दिन भी जारी है. नक्सल विरोधी अभियान में जुटे सुरक्षाबलों ने आज बड़ी कामयाबी हासिल की है. 45 लाख के इनामी भास्कर को ढेर करने के बाद आज 2 और नक्सली को मार गिराया है. शव के साथ ऑटोमैटिक हथियार भी बरामद किए गए हैं. बीजापुर पुलिस अधीक्षक ने इसकी पुष्टि की है. बता दें कि बीजापुर के नेशनल पार्क इलाके में सुरक्षाबलों को नक्सल विरोधी अभियान के तहत अब तक बड़ी कामयाबी मिली है. इसी इलाके में जवानों ने एक करोड़ के इनामी नक्सली लीडर सुधाकर और 45 लाख के इनामी भास्कर को मार गिराया है. इसके अलावा दो अन्य नक्सली भी इस कार्रवाई में ढेर किए गए हैं. इस अभियान में दो टॉप कमांडरों समेत कुल चार नक्सली मारे जा चुके हैं।

सुरक्षाबलों के जवानों ने नेशल पार्क इलाके में जारी एंटी नक्सल ऑपरेशन में शुक्रवार को नक्सली लीडर भास्कर उर्फ मइलारापु अडेल्लू को ढेर किया था. मौके से शव के साथ एके-47 राइफल सहित अन्य विस्फोटक, हथियार और गोलाबारूद बरामद किए गए थे. भास्कर तेलंगाना के आदिलाबाद जिले का निवासी था और सीपीआई (माओवादी) की तेलंगाना राज्य समिति के मंचेरियल-कोमरम भीम (एमकेबी) डिवीजन का सचिव भी था. मंडुगुला भास्कर राव तेलंगाना स्टेट कमेटी के स्पेशल जोनल कमेटी का सदस्य था. उनकी उम्र 45 वर्ष थी और वे ग्राम उरूमादला, जिला आदिलाबाद, तेलंगाना के रहने वाले थे. गौरतलब है कि इसी अभियान के दौरान 5 जून 2025 को केंद्रीय समिति सदस्य गौतम उर्फ सुधाकर का शव भी एक एके-47 राइफल के साथ बरामद किया गया था. लगातार मिल रही इन कामयाबियों से सुरक्षाबलों का मनोबल ऊंचा है, वहीं नक्सल संगठनों को गहरा झटका लगा है.

## बोधघाट परियोजना फिर सुर्खियों में, परियोजना के पूर्ण होने पर 4 लाख हेक्टेयर में होगी सफाई



### दिल्ली दौरे के दौरान सीएस साय ने पीएम मोदी से की चर्चा

**रायपुर,** 7 जून (हाईवे चैनल)। बोधघाट परियोजना को लेकर एक बार फिर चर्चा में है. मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस परियोजना के संबंध में अपने दिल्ली दौरे के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से चर्चा की. मुख्यमंत्री साय ने मीडिया से चर्चा में प्रधानमंत्री से परियोजना को लेकर हुआ बातचीत की जानकारी देते हुए कहा कि इससे 4 लाख हेक्टेयर में सिंचाई होगी. मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने दिल्ली दौरे से लौटने के बाद मीडिया से चर्चा में प्रधानमंत्री से हुई मुलाकात की जानकारी देते हुए बताया कि बोधघाट के साथ रिवर इंटर-लिंकिंग परियोजना पर भी बात की है. इस परियोजना से लगभग 3 लाख हेक्टेयर में सिंचाई हो सकेगी. मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात के दौरान उन्हें छत्तीसगढ़ की बदली हुई तस्वीर साझा किया. नक्सलवाद के खिलाफ मजबूती से लड़ रहे हैं, इससे प्रधानमंत्री को अवगत कराया. वहीं ख़रीफ़ सीजन से पहले डीएपी की कमी को लेकर सीएम साय ने कहा कि यह अंतर्राष्ट्रीय समस्या है. राज्य ही नहीं, पूरे देश में डीएपी की कमी है. डीएपी की जगह किसानों अन्य विकल्प उपलब्ध कराया जाएगा. जाति जनगणना पर कांग्रेस के बयान पर सीएम साय ने निशाना साधते हुए कहा कि लंबे समय से कांग्रेस जनगणना की बात करती रही, लेकिन जनगणना करने की हिम्मत नहीं जुटा पाई. हमने घोषणा भी की है, और जनगणना भी होगी.

## ब्रेकिंग न्यूज

### छत्तीसगढ़ में पैर पसार रहा कोरोना प्रदेश में मिले 17 नए मरीज



**रायपुर,** 7 जून (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ अब कोरोना अपना पैर पसार रहा है. आज प्रदेश में कोरोना के 17 मरीज मिले हैं. सबसे ज्यादा रायपुर में 11 लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है. राज्य में अब एक्टिव मरीजों की संख्या 50 पहुंच गई है. मेडिकल बुलेटिन के मुताबिक आज रायपुर में कोरोना के 11 नए मरीज मिले हैं. वहीं बिलासपुर में पांच और बालोद में एक मरीज पाए गए हैं. बता दें कि अभी तक कुल 1183 मरीज की कोरोना जांच हुई है, जिसमें से 50 की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है. अभी तक रायपुर में 31, दुर्ग में 5, बिलासपुर में 12 और बस्तर व बालोद में 1-1 मरीज मिले हैं।

### ऑपरेशन सिंदूर के बाद पीएम मोदी की पहली विदेश यात्रा

**नई दिल्ली,** 7 जून (न्यूज चैनल)। भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद यह प्रधानमंत्री मोदी की पहली विदेश यात्रा होगी। इसलिए, कई लोगों का मानना है कि पीएम मोदी पाकिस्तान के आतंकी निर्यात को उजागर करेंगे। इस बीच, कनाडाई रीडआउट ने यात्रा के बारे में ज़्यादा कुछ नहीं बताया। दोनों विश्व नेताओं के बीच हुई बातचीत के बारे में रीडआउट में कहा गया कि महत्वपूर्ण बात यह है कि कानून प्रवर्तन वार्ता और सुरक्षा चिंताओं को संबोधित करने के लिए चर्चा जारी रखने पर सहमति बनी। फोन कॉल के दौरान, पीएम मोदी और कार्नी, जिन्होंने मार्च में कनाडा के पीएम के रूप में शपथ ली और अगले महीने संघीय चुनाव जीते, ने पूर्व कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो द्वारा खराब किए गए संबंधों को फिर से बनाने का संकल्प लिया। भारत-कनाडा संबंधों में उस समय खटास आ गई जब ट्रूडो ने कनाडा की संसद में खड़े होकर आरोप लगाया कि खालिस्तान समर्थक आतंकवादी और कनाडाई नागरिक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत सरकार के लिए काम करने वाले एजेंट शामिल थे। नई दिल्ली ने आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए ट्रूडो के दावे को बेतुका बताया। पूरा मामला इस हद तक बढ़ गया कि दोनों देशों ने अपने उच्चायुक्तों को वापस बुला लिया। निज्जर जांच के बारे में पूछे जाने पर, कनाडा की विदेश मंत्री अनीता आनंद ने पिछले सप्ताह कहा कि हालांकि कानून के शासन से कभी समझौता नहीं किया जाएगा, लेकिन कनाडा इस साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए तत्पर है। दोनों नेताओं ने कनाडा और भारत के बीच लंबे समय से चले आ रहे संबंधों पर चर्चा की, जिसमें लोगों के बीच गहरे संबंध और महत्वपूर्ण वाणिज्यिक संबंध शामिल हैं।






चूहा- सुनती हो, कह रहे हैं छत्तीसगढ़ में भी 'कोरोना' पैर पसार रहा है।
चुहिया- हां जी, लगता है 'कोरोना का रोना' अब सदैव ही चलता रहेगा।

## रायपुर समेत देशभर के ईदगाह में हजारों लोगों ने अदा की ईद-उल-अजहा की नमाज



### मुल्क की सलामती और अमन-चैन की मांगी दुआएं

रायपुर, 7 जून (हाईवे चैनल)। देशभर में ईद-उल-अजहा (बकरीद) का त्योहार भाईचारे के साथ मनाया जा रहा है। मस्जिदों और ईदगाहों में नमाज का सिलसिला सुबह से ही शुरू हो गया, जहां लाखों लोग एकजुट होकर मुल्क की सलामती और अमन-चैन की दुआएं मांग रहे हैं। वहीं राजधानी में भी बकरीद पर मस्जिदों और ईदगाह में नमाज अदा की गई। नमाज़ के बाद एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। मुस्लिम भाई नमाज़ के बाद घर जाकर अपने-अपने बकरों की कुर्बानी देकर अल्लाह के हुक्म को पूरा करते है। फिर कुर्बानी का गोश्त तीन हिस्सों में बांटा जाता है, एक हिस्सा अपने लिए, दूसरा रिश्तेदारों और दोस्तों के लिए, और तीसरा हिस्सा गरीबों और जरूरतमंदों में बांटा जाता है।

## भाजपा ने मैच फिक्सिंग की तरह धांधली की



### महाराष्ट्र चुनाव 2024 को लेकर राहुल गांधी ने लगाया बड़ा आरोप

**नई दिल्ली,** 7 जून (न्यूज चैनल)। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शनिवार को आरोप लगाया कि नवंबर 2024 में होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में धांधली हुई थी और दावा किया कि इस साल के अंत में होने वाले बिहार विधानसभा चुनावों में भी यही दोहराया जाएगा। एक्स पर एक पोस्ट में गांधी ने एक अखबार में प्रकाशित अपने लेख को साझा किया, जिसमें महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में 'धांधली' के बारे में बताया गया है। गांधी ने एक्स पर कहा कि 2024 में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव लोकतंत्र में धांधली करने का खाका था। मेरा लेख दिखाता है कि यह कैसे हुआ, चरण दर चरण। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने पांच सूत्री प्रक्रिया के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि पहले चरण में चुनाव आयोग की नियुक्ति करने वाले पैनल में हेराफेरी करना और उसके बाद मतदाता सूची में फर्जी मतदाताओं को जोड़ना शामिल है। उन्होंने आगे दावा किया कि अगले चरणों में मतदान प्रतिशत को बढ़ाना, फर्जी मतदान को ठीक उसी जगह लक्षित करना शामिल है जहां भाजपा को जीतना है और सबूतों को छिपाना शामिल है। गांधी ने कहा, पहला कदम- चुनाव आयोग की नियुक्ति के लिए पैनल में हेराफेरी करना; दूसरा कदम- फर्जी मतदाताओं को मतदाता सूची में शामिल करना; तीसरा कदम- मतदान प्रतिशत बढ़ाना; चौथा कदम- फर्जी मतदान को ठीक उसी जगह लक्षित करना जहां भाजपा को जीतना है; पांचवां कदम- सबूत छिपाना। उन्होंने हेराफेरी को मैच फिक्सिंग करार देते हुए कहा कि धोखेबाज़ खेल तो जीत सकते हैं, लेकिन संस्थाओं को नुकसान पहुंचा सकते हैं और नतीजों में जनता का विश्वास खत्म कर सकते हैं। उन्होंने धांधली को मैच फिक्सिंग करार देते हुए कहा कि धोखेबाज़ पक्ष खेल जीत सकता है, लेकिन संस्थाओं को नुकसान पहुंचा सकता है।

## अमेरिकी दबाव में खास मिशन पर उड़ा प्लेन क्रैश, पायलट और इंजीनियर सहित 3 लोगों की मौत

**नई दिल्ली,** 7 जून (न्यूज चैनल)। दक्षिणी मेक्सिको में ग्वाटेमाला सीमा के पास एक छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में दो ग्वाटेमाली पायलट और एक मैक्सिकन कृषि इंजीनियर की मौत हो गई। यह विमान एक खास मिशन पर था। यह %स्क्रूवर्म% नाम के खतरनाक परजीवी को रोकने के लिए बांझ मक्खियां आसमान से छोड़ रहा था। यह परजीवी मवेशियों की त्वचा में घुसकर उन्हें बीमार कर देता है। यह इंसानों को भी नुकसान पहुंचा सकता है। अमेरिका ने पिछले महीने मेक्सिको से मवेशियों के आयात पर रोक लगा दी थी। उसका डर था कि स्क्रूवर्म वहां के पशुधन को नुकसान पहुंचा सकता है। इसी वजह से मेक्सिको सरकार ने इस कीट को रोकने का विशेष अभियान शुरू किया। मेक्सिको के कृषि मंत्रालय के अनुसार, यह हादसा तपाचुला शहर के पास हुआ। अभी तक यह साफ नहीं है कि विमान क्यों गिरा। तकनीकी खराबी, मौसम या किसी और वजह की जांच की जा रही है। मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाउम ने बताया कि अमेरिका के विशेषज्ञ इस पूरे मिशन की जांच करने मेक्सिको आए हुए हैं। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि अमेरिका द्वारा लगाया गया प्रतिबंध कब हटेगा। यह हादसा ऐसे समय हुआ है जब मेक्सिको और अमेरिका दोनों मिलकर स्क्रूवर्म जैसे घातक परजीवी से निपटने की कोशिश कर रहे हैं। इस मिशन के दौरान तीन लोगों की जान चली जाना एक गंभीर घटना है।

## फुटबॉल मैच में जीत की खुशी मातम में बदली जश्न के दौरान कोच की हार्ट अटैक से मौत



**भिलाई,** 7 जून (हाईवे चैनल)। रिसाली के रावण भाठा मैदान में शुक्रवार को आयोजित जिला स्तरीय जूनियर फुटबॉल प्रतियोगिता के दौरान न्यू मशाल क्लब की जीत का जश्न अचानक मातम में बदल गया. खुशी से टीम के साथ नाचते-झूमते कोच सुरेश राउत की हार्ट अटैक से मौत हो गई.

दरअसल, मैच खत्म होते ही खिलाड़ी और कोच सुरेश राउत (52) जीत की खुशी में झूम रहे थे. लेकिन कुछ ही देर बाद कोच की तबीयत बिगड़ी और वह कुर्सी से नीचे गिर पड़े. तुरंत उन्हें रिसाली के एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. आशंका जताई जा रही है कि उन्हें कार्डिएक अरेस्ट हुआ था. जानकारी के मुताबिक, सुरेश राउत भिलाई-3 स्थित विश्व बैंक कॉलोनी के निवासी थे और पेशे से एक फाइनेंस कंपनी में कार्यरत थे. साथ ही वे न्यू मशाल क्लब (जूनियर) के कोच के रूप में बच्चों को प्रशिक्षण दे रहे थे. शुक्रवार को वे अपनी टीम के साथ फाइनल मुकाबले के लिए रिसाली के दशहरा मैदान के पास स्थित फुटबॉल ग्राउंड पहुंचे थे.

मैच बेहद रोमांचक रहा. प्रतिद्वंद्वी टीम ने शुरुआती बढ़त लेते हुए तीन गोल किए, लेकिन न्यू मशाल क्लब ने शानदार वापसी करते हुए तीन गोल दागे और अंततः निर्णायक गोल करते हुए मुकाबला जीत लिया. जीत के बाद मैदान में खुशी का माहौल था और सुरेश राउत भी खिलाड़ियों के साथ जश्न में शामिल थे. जश्न के कुछ समय बाद खिलाड़ी और कोच नाश्ता कर रहे थे, तभी कोच सुरेश की तबीयत अचानक बिगड़ी. वे कुर्सी से गिर पड़े और फिर होश में नहीं आए. अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया. इसके बाद उनका शव सुपेला के सरकारी अस्पताल के मर्चुरी में भेजा गया, जहां शनिवार को पोस्टमार्टम किया जाएगा. बताया जा रहा है कि सुरेश राउत की पत्नी इस समय गांव में हैं और उनकी कोई संतान नहीं है. इस अप्रत्याशित घटना से क्षेत्र के फुटबॉल प्रेमियों और खिलाड़ियों में शोक की लहर है.

## करंट से झुलसे ठेका श्रमिक की मौत

**गरियाबंद,** 7 जून (हाईवे चैनल)। जिले के फिंगेश्वर में बिजली विभाग की लापरवाही एक ठेका श्रमिक की जान पर भारी पड़ी. ट्रांसफार्मर पर डीओ (ड्रॉप आउट फ्यूज) लगाने के दौरान झुलसे श्रमिक वेदप्रकाश साहू की इलाज के दौरान 6 दिन बाद मौत हो गई. यह हादसा उस वक्त हुआ जब वह ट्रांसफार्मर पर कार्य कर रहा था और अचानक 33 केवी लाइन में सप्लाई चालू कर दी गई. घटना 2 जून को हुई थी, जब बिना प्रशिक्षण के श्रमिक को ट्रांसफार्मर पर चढ़ा दिया गया था. कार्य के दौरान अचानक बिजली आपूर्ति बहाल हो जाने से वेदप्रकाश करंट की चपेट में आ गया. साथी कर्मचारियों ने तत्काल उसे फिंगेश्वर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां से हालत गंभीर होने पर उसे रायपुर रेफर किया गया. छह दिनों तक संघर्ष करने के बाद उसने आखिरकार दम तोड़ दिया. हादसे में बिजली विभाग के लाइनमैन की गंभीर लापरवाही सामने आई है. बिजली चालू करने से पहले जरूरी सुरक्षा मानकों का पालन नहीं किया गया,

## गरियाबंद जिले के 13 वन ग्राम राजस्व ग्राम में होंगे तब्दील



### भूख हड़ताल पर बैठे जिपं सदस्यों की 10 में से 6 मांगों पर प्रशासन ने जताई सहमति

**गरियाबंद,** 7 जून (हाईवे चैनल)। जिले के 13 वन ग्राम राजस्व ग्राम में तब्दील होंगे. यह दस मांगों में से एक था, जिनको लेकर जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम और लोकेश्वरी नेताम की अगुवाई में आदिवासी अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठे थे. लगभग 60 घंटे तक चले भूख हड़ताल के बाद प्रशासन ने 10 में से 6 मांगों पर सहमति जताई, जिसके बाद एसडीएम ने जिला पंचायत सदस्यों की जूस पिलाकर भूख हड़ताल को समाप्त करवाया.

मैंनपुर में मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठे जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम और लोकेश्वरी नेताम की बिगड़ती तबीयत देखकर आदिवासी विकास परिषद के प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर भगवान उईसे से मुलाकात कर मांगों पर विचार करने का आग्रह किया था. बुधवार सुबह 8 बजे से जारी इस हड़ताल को खत्म करने एसडीएम पंकज डाहिरे ने शुक्रवार की रात 9 बजे मंच पर पहुंच 10 में से 6 मांगों पर बनी सहमति को सार्वजनिक किया, इसके बाद जिला पंचायत सदस्यों और समर्थन में बैठे 10 अन्य लोगों ने भूख हड़ताल खत्म करने पर सहमत हुए. प्रमुख मांग में अमलीपदर सुख तेल नदी में आवाजाही की समस्या को बहाल करना था. इस नाले पर 7 करोड़ लागत से पिछले पांच सालों से पुल निर्माण किया जा रहा है, लेकिन काम पूरा नहीं होने के कारण बरसात में आवाजाही की दिक्कत होती थी. एसडीएम ने बताया कि जिला प्रशासन अपने किसी भी मद से इस बार यहां रपटा का निर्माण कराएगी. कलेक्टर भगवान यूईके ने इसकी मंजूरी दे दिया है. इसके साथ ही निर्माण दोबारा शुरू करने री टेंडरिंग की प्रकिया में गति लाने कहा गया है. साथ ही शुक्ला नाला में रपटा निर्माण होगा, अड़गडी और जरहिडीह पुल में जल्द निर्माण शुरू करने संबंधित विभाग को निर्देशित किया गया है.

आदिवासियों की मैनपुर अस्पताल में डॉक्टर की कमी को दूर करने भी दूर मांग को पूरा करते हुए तीन नियमित डॉक्टर की पोस्टिंग आदेश जारी कर दिया गया है. वहीं राजपड़ाव क्षेत्र में निर्माणाधीन नए स्कूल भवन और जर्जर स्कूलों का मरम्मत जून माह तक पूरा कराया जाएगा. ऐसा नहीं होने पर ठेकेदार पर कार्रवाई की बात एसडीएम ने कही है. मूलभूत समस्या ग्रस्त 40 गांवों में से कई गांवों का विकास सिर्फ इसलिए अवरुद्ध था, क्योंकि यह वन ग्राम की श्रेणी में आता था. कलक्टर के संदेश को सुनाते हुए मैनपुर एसडीएम पंकज डाहरे ने मंच पर बताया कि 13 वन ग्राम को 2 अक्टूबर को राजस्व ग्राम घोषित करने की तैयारी की जा रही है. राजस्व ग्राम बनते ही उन्हें शासकीय योजनाओं से जोड़ उनका जल्द विकास किया जाएगा. जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम ने चर्चा में कहा कि प्रदर्शन खत्म नहीं किया गया है, स्थगित है. जिन 6 मांगों पर प्रशाशन ने सहमति का ऐलान किया है, उनमें से एक भी कार्य नहीं होते दिखा तो दोबारा प्रदर्शन शुरू किया जाएगा. वहीं गरियाबंद एसडीएम पंकज डाहरे,ने बताया कि 10 में से 6 मांगों पर सहमति बनी है. जिला प्रशासन प्राथमिकता में रख कर इन कार्यों को करा रही है. भूख हड़ताल खत्म करा दिया गया है.

CMYK